संख्या:90/2017/1713/छप्पन-2017-153/2000

प्रेषक,

डॉ0 सत्य प्रकाश तिवारी,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन,
उ0प्र0, लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ : दिनांक 24 नवम्बर, 2017

विषय: राजकीय वायुयान सुपरकिंग एयर बी-200 वीटी-यू0पी0आर0 के इंजन मॉडल संख्या-**PT6A-42**, **SI No PCE-PJ**0663 का एसेसरीज सहित ओवरहाल कराए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-641/ना0उ0नि0/बी-1/2017(पी), दिनांक 18 अक्टूबर, 2017 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राजकीय वायुयान सुपरकिंग एयर बी-200 वीटी-यू0पी0आर0 के इंजन मॉडल संख्या-**PT6A-42, SI No PCE-PJ**0663 का एसेसरीज सहित इंजन निर्माता कम्पनी मे0 प्राट एण्ड विटनी, कनाडा से प्राप्त- कोटेशन के आधार पर बेसिक फ्लैट रेट ओवरहाल कास्ट यू0एस0 डॉलर 265000.00 तथा सम्बन्धित इंजन एसेसरीज के लिए ओवरहाल बजटरी कास्ट यू0एस0 डॉलर 32869.00 अर्थात कुल यू0एस0 डॉलर 297869.00 जो कि भारतीय मुद्रा में रूपये 68/- प्रति यू0एस0 डॉलर की विनिमय दर से रूपये 2,02,55,092/- होता है तथा प्रस्तावित धनराशि के भुगतान आर0बी0आई0 के दिशा निर्देशों के अनुसार लेटर ऑफ क्रेडिट के माध्यम से किए जाने के निमित्त लेटर ऑफ क्रेडिट मार्जिन 10 प्रतिशत की दर से रूपये 20,25,509/- इस प्रकार कुल रूपये 2,22,80,601/- (रूपये दो करोड़ बाइस लाख अस्सी हजार छः सौ एक मात्र) होता है, की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जानी है। अतः राज्यपाल महोदय वित्तीय वर्ष 2017-18 में राजकीय वायुयान सुपरकिंग एयर बी-200 वीटी-यू0पी0आर0 के इंजन मॉडल संख्या- **PT6A-42, SI No PCE-PJ**0663 का एसेसरीज सहित ओवरहाल करने हेतु रूपये 2,22,80,601/- (रूपये दो करोड़ बाइस लाख अस्सी हजार छः सौ एक मात्र) के व्यय की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उक्त वायुयान के प्रश्नगत इंजन मॉडल संख्या- **PT6A-42, SI No PCE-PJ**0663 का एसेसरीज सहित ओवरहाल वर्तमान संगत नियमों के अन्तर्गत कराया जायेगा तथा शासन का हित सुरक्षित रखने की दृष्टि से आहरित धनराशि के भुगतान के लिये निर्धारित नियमों/आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

3- उक्त स्वीकृत धनराशि के आहरण के फलस्वरूप यदि शासन को कोई हानि होती है तो उसके लिए निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0 एवं सम्बन्धित आहरण एवं वितरण अधिकारी पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।

4- उपर्युक्त मद पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-38 के अधीन लेखा शीर्षक-2070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं-114-वाहन का क्रय तथा रख रखाव-03-नागरिक उड्डयन निदेशालय-42-अन्य-व्यय के नाम डाला जायेगा।

2/...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

5- यह वित्तीय स्वीकृति वित्त (आय-व्ययायक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-8/2017/बी-1-1190/दस-2017-231/2017, दिनांक 03 अगस्त, 2017 में दिए गए प्राधिकार के अन्तर्गत निर्गत की जा रही है।

भवदीय,
सूर्य पाल गंगवार
विशेष सचिव।

पृ0 संख्या:90/2017/1713(1)/छप्पन-2017-तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)-प्रथम, उ0प्र0, इलाहाबाद।

(2) उप महालेखाकार/ई0एस0-III, आडिट भवन, टीसी-35-वी-1, विभूति खण्ड, गोमती नगर लखनऊ-10

(3) मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।

(4) वित्त (व्यय-नियन्त्रण) अनुभाग-7।

(5) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(डॉ0 सत्य प्रकाश तिवारी)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।